# S.D. SARVHITKARI VIDYA MANDIR
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI Senior Secondary
TALWARA TOWNSHIP, Hsp. (Pb.)
सर्वहितकारी
33 years
# सर्वहितकारी समाचार
अप्रैल से जून 2017
संकलन कर्ता : साहित्य परिषद्


e-mail : svmtalwara@yahoo.com
Pl. visit us : www.svmtalwara.org
Contact 01883-236298


## विश्व रैड क्रॉस दिवस पर शपथ समारोह

** 'मानवता की सेवा' सन्देश को जन-जन तक पहुँचाने की ली शपथ।*

8 मई 2017

मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है दूसरे के दु:ख को अपना दु:ख समझने वाला व्यक्ति ही सही मायनों में महान पुरुष होता है। ऐसे ही मानवता के प्रेमी जीन हेनरी ड्यूनेट के जन्मदिवस को विश्व में रैड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय ने इस अवसर पर भाई कन्हैया का स्मरण करते हुए दुनियां में बिना भेद भाव मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। रैड क्रॉस यूनिट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रैड क्रॉस कन्वीनर छात्रा मंदीप कौर ने स्कूल के सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को थीम 'Every where for Every One' के अन्तर्गत मानवता की सेवा के सन्देश को घर-घर में पहुंचाने हेतु शपथ दिलवाई। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वह जीवन के अनमोल खजाने पानी की स्वच्छता व उसकी संभाल के प्रति लोगों को जागरुक करेंगे। इस अवसर पर रैड क्रॉस सह- कन्वीनर अध्यापिका चरणजीत कौर ने भी विद्यार्थियों को जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए प्रेरित किया।

## शिशु कविता वाचन कार्यक्रम का आयोजन

*** अदिति व इशान रहे प्रथम**

8 मई 2017

कविता वाचन एक ऐसी कला है जो व्यक्ति के मन की भावनाओं को प्रकट करने का एक सरल व प्रभावशाली माध्यम है। यह कला शिशु काल से ही विद्यार्थियों में विकसित हो सके इस हेतु शिशुवाटिका द्वारा कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अदिति (बाल) व इशान (शिशु) प्रथम, पियूश कनौजिया (बाल) व अरुषी (शिशु) द्वितीय तथा प्रिशा शर्मा (बाल) प्रभजोत व अनामिका (शिशु) क्रमश: तृतीय स्थान पर रहे।

## सैनिक शिक्षा परिषद् ने करवाई ट्रैकिंग

** 153 ट्रैकरों व 7 अध्यापकों ने लिया भाग*

** साहस-सहयोग-संगठन की त्रिवेणी है ट्रेकिंग*

7 मई 2017

प्रकृति हमारे लिए वरदान है विद्यार्थी को शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति का व्यावहारिक ज्ञान होना अनिवार्य है। प्रिंसीपल देश राज शर्मा के मार्गदर्शन में स्कूल की सैनिक शिक्षा परिषद् द्वारा ट्रैकिंग अभियान चलाया गया। सैनिक शिक्षा परिषद् प्रमुख अजय कुमार के नेतृत्व में स्कूल से 153 विद्यार्थियों ने सात अध्यापकों सहित ट्रैकिंग अभियान में शामिल होकर जहां आनन्द लिया वहीं चुनौतियों का ललकार के साथ सफलता पूर्वक सामना किया। प्रकृति की अनमोल धरोहर को करीब से निहारा। ट्रैकरों ने पुराना तलवाड़ा से कान खड्ड को पार करके घाटी नारी के वनों में प्रवेश किया तथा वाया कुट होते हुए घाटी नगरोटा पहुंच कर बाबा घाटी मंदिर तक कुल 20 कि.मी का सफर तय किया। ट्रैकिंग उपरान्त ट्रैकरों ने विभिन्न जीव प्रजातियों, वनस्पतियों, चट्टानों, वृक्षों व दिशा ज्ञान से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। बाबा घाटी के महंत श्री माधो दास जी ने ट्रैकरों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के आदर्श नागरिक होने के नाते हमें जीवन की प्रत्येक चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्पर रहना होगा। महंत जी ने विद्यार्थियों को भौगोलिक जानकारियों से भी अवगत करवाया तथा लंगर का प्रसाद भी दिया। अध्यापकों में श्वेता शर्मा, पूनम कुमारी, मोनिका चौधरी, श्वेता, सुधीर बक्शी, सुनीत कुमार भी शामिल हुए।

## नारायण टेलेंट सर्च परीक्षा

*** विनायक रहा प्रथम**

6 अप्रैल 2017

शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगिताओं का विद्यार्थी जीवन में अहम् स्थान रहता है। विद्या भारती द्वारा नारायण टेलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर क्षेत्र के विभिन्न प्रान्तों से विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय से अध्यापिका कमलदीप कौर की देख रेख में 203 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें विनायक ने उत्तर क्षेत्र में पहला स्थान हासिल कर पूरे क्षेत्र को गोरान्वित किया। छठी कक्षा से गोरांग ने सातवां, नौवीं के अंकित ने दसवां, आठवीं के सुमित ने अठाहरवां रेंक प्राप्त किया।

## विश्व तम्बाकू मुक्त दिवस के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता

** एन.एस.एस. यूनिट ने किया आयोजन*

4 मई 2017

पंजाब सरकार सेहत व परिवार कल्याण विभाग पंजाब के दिशा निर्देश में 'विश्व तम्बाकू मुक्त दिवस' के अन्तर्गत विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। एन.एस.एस. युनिट द्वारा आयोजित कार्यक्रम दौरान कन्वीनर कुसुम गौरा तथा मंजू बाला ने आपने भाषण दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि आज नशा देश व समाज के लिए एक नासूर बन चुका है नशे का विष मानव जीवन को बड़ी तेजी से निगल रहा है चिन्ता का विषय यह है कि नौजवान पीढ़ी ही इसका सबसे बड़ा शिकार हो रही है देश के नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता है कि इस राक्षस को खत्म करने के लिए लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत करवाएं। उन्होंने नशे के सेवन से होने वाली बीमारियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाते हुए इससे बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। छात्र ऋतिक व निकिता कौल ने भी विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि 32 प्रतिशत लोग अपनी परेशानी को दूर करने करने के लिए नशे का सेवन करते हैं, जो हमारी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश तभी समृद्ध व खुशहाल होगा जब देश के नागरिक स्वस्थ व कुशल होंगे। विद्यार्थियों व अध्यापकों ने संकल्प लिया कि वह समाज में फैली नशे की बीमारी को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे।

## सदन व्यवस्था का गठन

20 अप्रैल 2017

शैक्षिक योग्यताओं के साथ-2 विद्यार्थी में नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग व स्वयं कार्य करने की प्रवृति पैदा करने के लिए विद्यालय में सदन व्यवस्था का गठन किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को तीन सदनों क्रमशः लाला लाजपतराय, बालगंगाधर तिलक तथा विपिन चन्द्रपाल (लाल,बाल, पाल) में विभाजित कर उन्हें विभिन्न कार्यो के संचालन हेतु विद्यालय दायित्व सोंपे गए।

## मातृ भारती ने किया मातृ सम्मेलन का आयोजन

** संयम, अनुशासन व सेवा भाव ही हमारी पहचान होनी चाहिए*

***मातृ भारती सदस्यों ने संभाली सारी व्यवस्थाएँ**

**13 मई 2017**

बालक के लिए माँ, दादी, बहन व नानी संस्कार सृजन की महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। यह विचार प्रिं. देशराज शर्मा ने 'मातृ सम्मेलन' दौरान उपस्थित माताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए । प्रि. शर्मा ने कहा कि एक समय था जब शाम को परिवार के साथ प्रार्थना-भजन गाना, भोजन करना दादी-नानी, माता-पिता से कहानियां सुनना प्राय: नित्य क्रम रहता था। कहानियों में देवताओं-महापुरुषों को माध्यम बनाकर बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क पर सदगुणों, मानव मूल्यों और जीवन के आदर्शों को अंकित किया जाता था। उन्होंने कहा कि बच्चे का मन कोरा कागज है माँ जैसे संस्कार अपने बच्चे को देगी वह वैसा ही बनेगा। प्रि. शर्मा ने कहा कि घर का अर्थ केवल बड़ा मकान बना लेना ही नहीं बल्कि घर तो घर में रहने वाले लोगों के व्यवहार व आचार-विचार से बनता है। उन्होंने रोजाना जिन्दगी से छोटे-छोटे प्रसंगों के माध्यम से कहा कि संयम- अनुशासन व सेवा भाव ही हमारी पहचान होनी चाहिए। माताओं में डॉ. अनुराधा ने शारीरिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई। अध्यापिका शशिकला ने 'समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी वीरता व शौर्य का डंका बजाया है हमारी संस्कृति में कोई भी धार्मिक कार्य महिलाओं के बिना अधूरा माना जाता है। अध्यापिका रुचि शर्मा तथा रेणु बाला ने अपने विचार रखते हुए कहा कि घर में बच्चे के लिए माँ से बढ़ कर कोई गुरु नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था से ही शिक्षण का कार्य शुरु हो जाता है। बच्चा अपनी माँ से ही अच्छाई व बुराई की सीख लेता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्र की माता किरन बरोटिया ने की। प्रो. अंजु बाला ने अपनी कविता के माध्यम से माताओं के विभिन्न रूपों को प्रस्तुत किया। मातृ भारती की संयोजिका अंजू शर्मा ने सभी आई माताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुरुष और महिलाओं को एक प्रतियोगी के रूप में नहीं बल्कि सहयोगी के रूप में आगे बढ़ने की जरूरत है। अगर ऐसी सोच के साथ हम चलेंगे तो निश्चय ही परिणाम सकारात्मक होंगे। स्कूल की छात्रा अक्षिता ने इंग्लिश कविता 'सेव गर्ल चाइल्ड' तथा नंदिता ने 'धीयां जम्मदीयां होण पराइयां न रो बावला' गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कक्षा के.जी. की छात्रा परीशा ने अपनी कविता 'जिसने हमको जन्म दिया, पाल पोस कर बड़ा किया' के माध्यम से माँ की ममता का व्याख्यान किया। कार्यक्रम का सारा आयोजन मातृभारती के सदस्यों श्रीमती सरिता, सविता, रजनी बाला, इन्दु बाला, रेनु बाला, राधिका, शालिनी डोगरा, मनु देवी तथा वन्दना द्वारा किया गया ।

## वार्षिक उत्सव सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब

** 148 आचार्य दीदी हुए जालन्धर में शामिल*

**28 अप्रैल 2017**

सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब के 78 विद्यामन्दिरों से 148 आचार्य/दीदियों ने भाग लिया। सर्वहितकारी तलवाड़ा से दीदी ऊषा रानी व आचार्य धर्मभूषण वार्षिक उत्सव में प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय डी.सी. जालन्धर श्री विरेन्द्र शर्मा ने किया। तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव में कविता उच्चारण, कविशिरी, लोकगायन एवं लोक नृत्य, वन्दना, प्रश्नमंच, नोटबन्दी व शिक्षा का व्यापारीकरण पर एक आचार्य संसद का आयोजन, सांयकाल सत्र में समता, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, रस्साकशी, खेल कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम के समापन पर SCERT निदेशक श्रीमती श्रुति शुक्ला ने गाईडस एंड कौंस्लिंग द्वारा विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को जागरूक करने तथा सामाजिक कार्यो में अध्यापकों का योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्या भारती के महामन्त्री डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि 'आत्मविश्वास' से ही दूसरों का विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा कार्य को ईश्वरीय राम तुल्य कार्य मानकर कर्त्तव्य पथ पर निरन्तर आगे बढ़ते रहना है। कार्यक्रम में श्री हर्ष कुमार (क्षेत्रीय उपेक्षित शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रमुख), श्री सुरेन्द्र अत्री (महामन्त्री), श्री यशपाल गोयल, (अध्यक्ष सर्व. शिक्षा समिति), श्री विजय नड्डा (संगठन मन्त्री), श्री देशराज शर्मा, संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उत्तर क्षेत्र सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

*** परिषद् कन्वीनरों ने बनाई वार्षिक योजना**

*** 109 विद्यार्थियों ने लिया भाग।**

**13 मई 2017**

ईश्वर ने बालक को असीम शक्तियों व क्षमताओं से नवाजा है यदि इन क्षमताओं को विकसित करने के लिए बच्चों को सही अवसर प्रदान किए जाएँ तो बालक अद्‌भुत प्रतिभा का अनुकरण करने में सक्षम हो सकता है उक्त विचार विद्यार्थी संयोजकों की कार्यशाला में विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए प्रि. देशराज शर्मा ने व्यक्त किए। स्कूल की प्रशिक्षण परिषद कन्वीनर इँदु बाला की देख रेख में आयोजित कार्यशाला को तीन भागों में विभाजित किया। प्रथम सत्र दौरान शैक्षिक वातावरण, व्यावहारिक ज्ञान, परिषदों के संगठनात्मक ढांचे तथा विषयों के व्याहवारिक ज्ञान को जोड़ने के लिए कार्यक्रमों पर विचार किया गया। दूसरे सत्र में परिषद् कन्वीनर ऋतक, साहिल, मुस्कान, विनायक, नंदिता तथा मंजू बाला ने अध्यापकों तथा विद्यार्थियों के समक्ष तय किए गए कार्यक्रमों की रिपोर्ट को पेश किया गया। तीसरे सत्र में सामूहिक बैठकर विषय वस्तुओं की सामग्री , मूल्यांकन, परिणामों पर विचार करके वार्षिक योजना तैयार की गई। अंतिम सत्र दौरान प्रि. देशराज शर्मा ने विद्यार्थियों व अध्यापकों से सामूहिक बातचीत करते हुए कहा कि समस्या का समाधान निकालना, निर्णय करना, निष्कर्ष निकालना, अवलोकन, विश्लेषण व चिंतन आदि अनेकों मानसिक क्षमताएं हैं जिनके विकास से ही बालक का विकास जुड़ा है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य की सुनिश्चित योजना से उसे सफल बनाया जा सकता है। कार्यशाला में 27 परिषदों के अध्यापक कन्वीनर, विद्यार्थी कन्वीनर व सह-कन्वीनर शामिल हुए।

## आचार्य प्रशिक्षण वर्गों का हुआ आयोजन

**** विषयानुसार वर्ग - चण्डीगढ़** (27 मई से 3 जून)*

**** आधारवर्ग व शिशु वाटिका** - रत्तेवाल (27 मई से 11 जून 2017)*

**** विद्यालय की नौ दीदियों ने सीखी नई विधाएँ***

शिक्षक व विद्यार्थी शिक्षण प्रक्रिया के वह दो महत्वपूर्ण पहलू हैं जिनके आपसी सहयोग से इस प्रकिया को सरल, मनोरंजक व ज्ञान वर्धक बनाया जा सकता है। बदलते परिवेश में नई तकनीकों का प्रयोग और शिक्षण की नई विधाओं को अपनाना प्रत्येक शिक्षक के लिए अनिवार्य हो गया है। इसलिए अवकाश में विकास की दृष्टि से विद्या भारती द्वारा प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया जाता है। विषयानुसार वर्ग का आयोजन सर्वहितकारी विद्या मन्दिर 40-डी, चण्डीगढ़ में किया गया। जिसमें विद्यालय से तीन दीदियों श्रद्धावती, रेणुशर्मा तथा रीना रानी ने विषय को पढ़ाने की विभिन्न विधियों को जाना।

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समझ कर समर्पण भाव से इस कार्य को करने के उद्देश्य से 15 दिवसीय आधार वर्ग का आयोजन रत्तेवाल में हुआ जिसमें वन्दना, अभ्यास, खेल विधि से सिखाना, कक्षा कक्ष की गतिविधियों और बौद्धिक सत्रों द्वारा शिक्षण की विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाई गई विद्यालय से चार दीदियों सुमन, श्वेता शर्मा, इन्दु बाला व ज्योति बाला ने भाग लिया।

शिशुओं के मनोविज्ञान को समझते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए 15 दिवसीय शिविर का आयोजन रत्तेवाल में किया गया। विद्यालय से दो दीदियों आशिमा व अनीता रानी ने इसमें भाग लेकर शिशुओं को पढाने की विभिन्न विधियों की जानकारी प्राप्त की।

# समर कैम्पों में विद्यार्थियों ने सीखी विभिन्न कलाएं

## 462 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**विद्यार्थियों ने स्पोकन इंग्लिश, भारतीय नृत्य, संगीत व घोष वाद्य यन्त्र, सुन्दर लिखने की कला, कढ़ाई, कवाड़ से जुगाड़, स्काऊट एण्ड गाइड वैदिक गणित, प्राथमिक चिकित्सा, मॉडल मेकिंग तथा खेलों के गुर सीखे**

**29 मई से 5 जून 2017**

**भारतीय नृत्य व संगीत – छात्र आनन्दित हुए नृत्य व संगीत वाद्य यन्त्रों के अभ्यास से**

भारतीय नृत्य की बारीकियों से रूबरू करवाने के लिए दीदी रूचि शर्मा द्वारा 57 विद्यार्थियों को कथक, तीन ताल, प्रणामी, तोड 1, 2, 3 का अभ्यास करवाया गया। संगीत में आचार्य राजिन्दर सिंह द्वारा 30 विद्यार्थियों को हरमोनियम, सरगम, अलंकारों का अभ्यास, द्वीप वन्दना, स्वरों के मूल नाम तथा ढोलक बजाने की मूल जानकारियाँ उपलब्ध करवाई गई।

**स्पोकन इंग्लिश के दिए टिप्स :**

बातचीत करना भी एक कला है अपनी बात को दूसरे के सामने प्रभावशाली ढंग से रखने वाला व्यक्ति ही ऊंचाइयों को छूता है । दीदी पायल भाटिया ने 57 छात्राओं को दिनचर्या में आपसी वार्ता, टेबल मैनर, प्रभावशाली वार्तालाप, फोनैटिक सॉंग आदि के टिप्स दिए।

**सुन्दर लेखन का हुआ अभ्यास–आईना है हमारी लिखावट :**

सुन्दर लिखावट लेखन को प्रभावशाली व आकर्षक बनाती है। हिन्दी, अंग्रेजी व पंजाबी तीनों भाषाओं में अक्षर की बनावट शब्द रचना, वाक्य रचना के माध्यम से सुन्दर लेख का अभ्यास दीदी शशी कला, ममता रानी व अशोक शर्मा द्वारा करवाया गया।

**बालिका व्यक्तित्व विकास :**

नारी परिवार व समाज की नींव है, नींव जितनी मजबूत होगी, समाज उतना ही समृद्ध होगा। इसी उद्देश्य से दीदी शारदा वर्मा ने 12 बालिकाओं को पोर्ट पेंटिंग, मेंहदी डिज़ाईन, फ्लावर पोर्ट की सजावट, कवाड़ से जुगाड़ तथा कढाई के विभिन्न नमूनों से परिचित करवाते हुए विधिपूर्वक सिखाया।

**स्काऊट व गाइड :**

बालकों में छिपी असीम शक्ति और उनके प्रति अपने अपने विश्वास को रचनात्मक रूप देने के लिए आचार्य रविन्द्र कुमार द्वारा 39 विद्यार्थियों का स्काऊट व गाइडैंस प्रशिक्षण कैंप लगाया गया। जिनमें विद्यार्थियों को प्रार्थना, सैल्यूट, योग, आँखों और हाथों के व्यायाम, झंडा गीत, विसल, हैंड सिग्नल, ड्रिल, ड्रैस तथा स्काऊट गाईड प्रतिज्ञा से सम्बन्धित विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाई गई।

**वैदिक सूत्रों के माध्यम से समझा गणित:**

गणित के ज्ञान के बिना मानव के जीवन का कोई भी कार्य पूरा नहीं हो सकता। मनुष्य के दैनिक जीवन में गणित की अहम भूमिका रहती है। इसी लिए विद्यालय मैं वैदिक गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया। आचार्य अगनीश शर्मा के नेतृत्व में 38 विद्यार्थियों ने मैकुलुम बिनाकुलम, जोड़, परमामित्र, टेबल गुणा, निखिलम सूत्र, मिक्सड नम्बर, कैलकुलेशन, दो और तीन संख्याओं का स्केयर व क्यूब के सूत्रों के माध्यम से वैदिक गणित को समझा व जाना।

**प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण :**

आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में छोटी-छोटी दुर्घटनाओं का होना आम बात हो गई है प्राथमिक चिकित्सा का सही ज्ञान न होने के कारण कई बार हमें अपनी जिन्दगी से भी हाथ धोना पड़ सकता है। इसी सम्बन्ध में रैडक्रॉस शिक्षा परिषद द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कैम्प लगाया गया। आठ दिवसीय कैम्प दौरान विद्यार्थियों को दीदी चरणजीत कौर द्वारा मरहम-पट्टी, मरीज को सुरक्षित ले जाना, थर्मामीटर रीडिंग, टैम्परेचर कन्ट्रोलिंग, वलेंकेट स्ट्रेचर, कन्ट्रोल नोज बलीडिंग, जहरीले कीटों के काटने पर बचाव, आग से बचाव, आकस्मिक दुर्घटना पर प्राथमिक उपचार सम्बन्धी सहायता देने के गुर सिखाए गए ।

**मॉडल मेकिंग कार्यशाला :**

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने हेतु मॉडल मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। 90 विद्यार्थियों ने दीदी मोनिका परमार तथा आचार्य अगनीश शर्मा की देख-रेख में साईंस व गणित के मॉडल बनाने के विभिन्न पहलुओं को समझा व जाना। आठ दिवसीय कार्यशाला में जमैट्रीकल शेप, फ्रेक्शन, ऑड-इवन, पैरामीटर, क्रोप मैनेजमैन्ट, यूज़ एण्ड डिसयूज़ ऑफ रिफलैक्शन ऑफ लाईट, सन्तुलित आहार, आपदा प्रबन्धन आदि विषयों पर मॉडल बनाने की जानकारियां हासिल की।

**खेल प्रशिक्षण कैम्प :**

खेलें हमारे जीवन का अभिन्न अँग है। खेलों से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं हमारा मानसिक व बौद्धिक विकास भी होता है। खेल-खेल में विद्यार्थी को बहुत सी जानकारियों से भी अवगत करवाया जा सकता है। आठ दिवसीय खेल प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन आचार्य मनिन्द्र सिंह व सुनित कुमार की देख-रेख में किया गया। 40 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर खेल की बारीकियों को समझा। कैम्प दौरान दीदी सोनिया व दीपशिखा ने खो-खो, आचार्य अशोक कुमार व यज्ञ दत्त ने वालीबॉल, दीदी श्वेता शर्मा ने वास्किट बॉल, टेबल टैनिस में दीदी कंचन बाला, बैडमिंटन में दीदी सन्तोष व पूनम तथा एथलैटिकस में आचार्य मनिन्द्र सिंह व सुनित कुमार ने विद्याथियों को अभ्यास करवाया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस *–300 विद्यार्थियों 100 अध्यापकों व प्रबन्ध समिति सदस्यों ने मिलकर किए योग आसन*

*21 जून 2017*

योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है, यह विचार अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रिं. जे. आर. सोनी ने व्यक्त किए । प्रिं. सोनी ने कहा कि मनुष्य व प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाने में योग की अहम भूमिका है। आज की भाग दौड़ भरी जिन्दगी में मनुष्य अनेक रोगों से ग्रस्त हो रहा है। योग इन सभी रोगों की संजीवनी है। आज पूरा विश्व योग के सिक्के को मान रहा है। प्रिं. देशराज शर्मा के मार्गदर्शन में स्कूल की एन.एस.एस. यूनिट, एन.सी.सी. तथा योग परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज प्रात:काल से ही विद्यालय में योगमय वातावरण दिखाई दिया। आचार्य धर्मभूषण की मधुर ध्वनि तथा संगीतमयी वातावरण में विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों व प्रबन्ध समिति के सदस्यों ने मिलकर योगासन किए। इस अवसर पर समूह अध्यापक, विद्यार्थी, मातृ भारती के सदस्य, विशेष अतिथि के रूप में सूबेदार महेन्द्र सिंह, हवलदार जसविन्द्र सिंह तथा लै. विजेन्द्र सिंह भी शामिल हुए।

## Seminar on Road Safety

***To aware the students about traffic rules***

***22nd April 2017***

Keeping in view the increasing role of road mishaps, a seminar was organised in school campus. S.H.O. Balwinder Singh introduced the homicidal consequences of careless ariving. He also expressed the need of following the traffic rules, pursuant to the same he suggested the students to not to cross the speed limit. Besides this Principal D.R. Sharma added and emphasized that one should never take the easy road, but rather the right road, no matter how long the travel is. Road safety is of paramount importance and everyone should follow the traffic rules sincerely. ASI Jot Singh and ASI Ashok Kumar also assured their valuable presence in the seminar.

## International Earth Day

***250 Students were participated in Rally.***

***17th April 2017***

A Rally and Slogan making competition were organised on International Earth Day by Science Club of the School. The aim of this event was to create a scientific temper as well as logical mentality among the students. There were 250 students who took out the rally in four different directions i.e. Sec. 1, Sec. 2 (Shah Nehar Colony), Sector 3 (Hydel Colony) and Main Market, Talwara in which Primary, Middle, High and Sr. Sec. Deptt. Students. There was an awareness lecture on this day given by Mrs. Monika Parmar, convener of the programme. She addressed the 'Earth' as a 'Mother' of us and as a mother nourishes and fulfills all the demands of a child such as Earth does. The results of slogan making competition is given below :-

**High Deptt.** : Janhvi Sachdeva (X-B) and Parcheta (X-B) held first position, Arpita (IX-B) and Kusum (X-C) got second position and Nikita Kaul (X-B) & Swati (IX-C) got third position.

**Sr. Sec. Deptt.** : Kajal (+2-B) and Simran (+1-B), Arushi (+1-B) & Kritika (+2-A) Sahil Sharma(+2-B) and Priya (+1-A) got 1st, 2nd, and 3rd Position

## Meeting Related Personality Development Camp by SAMKALP at New Delhi

***9th April 2017***

SAMKALP is an NGO which is working towards making of youth which is corruption free. It is an organisation that gives training for preparation of Civils, IAS and for mock interviews. A meeting was organised related to discussion of personality development Camp of students of class IX to XII. They conduct such type of camps every year in month of June. Our two teachers Smt. Kanchan Chaudhary & Smt. Kamaldeep Kaur attended the meeting on 8th April 2017 in New Delhi. In the meeting they were informed about the resource persons and topic to be taken during the camp.

## Inter-Battalian Shooting Competition Kapurthala

***Anmol Sharma stood 1st Position***

***16th April 2017***

One can achieve any goal, if one is determined and dedicated towards his aim. Same has been proved by Anmol of Class-X with his hardwork and dedication.

Satyam and Anmol of class 10th participated in Inter-Battalian shooting competition which was held at Kapurthala (Pb.). From which Anmol showed his best performance and was awarded with Gold medal by Group Com. Br. I.M.S. Parmar. For this, they were selected for Inter Group Competition Ropar in which Cadets of Punjab, Haryana, Himachal and Chandigarh will be participated.

## Kalpana Chawla Memorial Award 2017

***17th April 2017***

This award motivates and inspires girls to achieve bigger in their life and always be winners in their respective fields. The award is open to the girl students who have scored minimum 60% marks or more than 60% in 10th standard in the year 2015. 22 Entries were sent for consideration of awards that will declared on 10th June 2017.

## Students' Parliament Election 2017-18

***19 Students participated in Election***

***26th May, 2017***

In order to give an exposure and experience to the students about the Election process and with an objective of incorporating their innovative ideas and suggestions in the working system of this institution Election to Students' Parliament 2017-18 was held on 26th May 2017. Peaceful and smooth polling was carried out from 10.30 AM to 12.30 PM under the security umbrella provided by the N.C.C. Wing. Earlier student volunteers were given three days training for the systematic execution of election, counting of votes and filling of various performas and Result annexures. Nineteen candidates filed their nominations for nine constituencies allotted by draw of lots. Each constituency consisted of 2-3 sections from 6th to 12th class having 85-91 voters on its electoral poll. Candidates campaigned in their respective constituencies and in the morning assembly for three days. They were given 5-7 minutes to 'speak out' their election manifesto in the Assembly. It was heartening to listen to the budding politician.

798 student-voters exercised their right to franchise. Students themselves prepared printed ballot papers with symbols, voting compartments, Stamping, proper folding of Ballot papers, Ballot Boxes were new things for the students of VI class as they voted for the first time.

Counting of votes was done on the same day in the second half under the watchful eyes of the Election Commission in the presence of the Candidates. Result was declared on 27th May 2017 in the morning assembly.

Elected candidates are Raghav (IX-B) Navidita (IX-B) Nikhil Sharma (IX-B), Sneha Verma (VIII-A) Ashish Kumar (+2-A), Ashkaran (+1Sci-A), Anmol Bhardwaj (X-B), Nikhil(X-C), and Sanjam

## English Calligraphy Competition

**** 580 Students participated***

***05th May 2017***

English Calligraphy competition was held on 24th April 2017, in which students participated enthusiastically. The aim of this competition was to encourage the students to improve their handwriting skills through proper word structure. The competition was organised in the respective classrooms and students participated in the same. A closely contested competition presented a challenging task for the teachers to give judgements.

| | | |
|---|---|---|
| Participation | Lower Primary | = 200 |
| | Upper Primary | = 310 |
| | Middle | = 60 |
| | High | = 10 |

**The result as follows.**

**Lower Primary**

| | | |
|---|---|---|
| Kunal | (II-B) | First |
| Avni | (I-A) | Second |
| Anmol | (II-C) | Third |

**Upper Primary**

| | | |
|---|---|---|
| Anita | (V-A) | First |
| Alice | (V-A) | Second |
| Mohina | (V-B) | Third |
| Nancy | (V-B) | Third |

**Middle Deptt.**

| | | |
|---|---|---|
| Nitika | (VII-A) | First |
| Himanshu | (VI-B) | Second |
| Aradhna | (VII-C) | Second |
| Khushi | (VIII-C) | Third |
| Anamika | (VI-B) | Third |

**High Deptt.**

| | | |
|---|---|---|
| Devika Pathania | (X-A) | First |
| Sumit Kumar | (IX-C) | Second |
| Nancy | (X-A) | Third |

## National Educational Workshop (Allahabad)

*** Anju presented Paper**

***5th to 7th May 2016***

National Educational Workshop was held at Moti Lal Nehru Medical University, Allahabad under the guidelines of Shiksha Sanskriti Uthan Nyas, New Delhi on the theme-Shiksha Manthan. Delegates from different fields participated in the workshop such as Chief Justice of Allahabad High Court, Padam Shree Braham Dev Sharma, Prof. Rajinder Prasadam-Vice Chairman of Medical University, Dr. Sanosh Mal director of Kendriya Vidyalaya, Atul Kothari-Convener of Shiksha Uthan Nyas, Prof. Surinder Kakkar-Vice Chanceller of Medical University, Haryana, Chief Justice Shri Girdharnath Dev-Grandson of Mahamana Madan Mohan Malviya, Vice Chairman from different educational Boards and North Zone convener, Principal Desh Raj Sharma.

Autonomy in Education, Environ-ment awareness, education in Mother Tongue and Child-centered education were the main issues to discuss. Mrs. Anju Sharma from S.D. S.V.M. Talwara submitted the written report of experimental activities of the school.

## *Celebrated Biodiversity Day*

***22nd May 2017***

A skit related to the various environmental issues was acted during the morning assembly. The aim of the competition was to conserve and respect the natural resources and to maintain sustainable development. The programme was held under the able guidance of Ms. Anuradha Convenor of Eco-Club. Students were made aware regarding the various environmental issues such as Deforestation, Pollution and Global warming. A speech was also given by Aditi Sharma student convener of the council regarding Biodiversity. Students participated in the act were Ujjwal, Vivek, Charu, Ridhima, Mehakpreet, Sanjiv, Abhishek, Akanksha, and Aryan.

## English Poem Recitation Competition

**** 73 Students were participated***

***05th May 2017***

Poetry is the spontaneous overflow of powerful feelings and emotions. It takes its origin from emotion recollected in tranquility. Poetry is not just the combination of words it is an art of expressing ideas, feelings, thoughts, and emotions with the use of gesture and posture, rhythm, stress and intonation. To develop this expressional attitude among students, English Poem recitation competition was held in Vidya Mandir. There were total 73 students who participated with full zeal. The competition was held department wise i.e. Lower Primary, Upper Primary, Middle and Secondary from which the results are as following :

**Lower Primary :**

Nancy (I-B) stood first, Diksha (I-B) and Sanchit (II-B) stood second, and Sakshi (I-A) stood third.

**Upper Primary :**

Alice (V-A) got first position, Saksham Sharma (V-A) got second and Netik (IV-B & Dipti (III-A) got third position.

**Middle Deptt. :**

Khushi (VIII-C), Pratibha (VI-C) stood first, second and Vinayak (VII-A) & Gorang (VIII-A) stood third position

**High Deptt. :**

Akshita (X-C) hold the first position, Janhvi (X-B) and Parcheta (X-B) got second position and Akanksha (XI-A) and Vivek (IX-B) hold third position.

## Central University Dharamshala Organised Essay Competition

**** 5 Students participation at National Level***

*** B.R. Ambedkar National Essay Writing Competition**

***9th April 2017***

To enhance the writing & Creative thinking skill of the students, an essay writing competition was conducted on B.R. Ambedkar's life for students of class XII in school campus. Best five entries i.e. Karamjit Singh (XI-A) Kusum Gaura (XII-A), Aditi (XII-A) Kajal & Sonakshi (XII-Science) were sent to central university of Himachal Pradesh for participation the National level result is to be declared in the month of July.

